सं0सं0–3 / नि0स0–37 / 2026

# बिहारसरकार
## स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक,
सरकार के उप सचिव ।

सेवामे,

डा0 गुप्तेश्वर सिंह,
वरीय चिकित्सा पदाधिकारी,
लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना।

पटना, दिनाक

विषयः **दिनांक 01.08.2026 से 31.08.2026 तक निजी खर्च पर विदेश (यू0एस0ए0) जाने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि **निदेशक, लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना के ज्ञापांक 1986 दिनांक 27.05.2026** के प्रसंग में नियमानुसार निम्नांकित शर्तो के साथ **डा0 गुप्तेश्वर सिंह** को **दिनांक 01.08.2026 से 31.08.2026 तक निजी खर्च पर विदेश (यू0एस0ए0)** जाने की अनुमति प्रदान की जाती हैः–

(i) अवकाश अवधि का विस्तार अनुमान्य नहीं होगा ।
(ii) प्रवास के दौरान धनोपार्जन हेतु अपने पेशे का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा ।
(iii) यह यात्रा बिल्कुल निजी होगी तथा किसी भी तरह का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।
(iv) सभी तरह का व्यय स्वय वहन करना होगा ।
(v) प्रवास के दौरान किसी भी तरह का लेखे का भुगतान प्राप्त नहीं किया जायेगा।
(vi) **डा0 गुप्तेश्वर सिंह** मुख्यालय छोडने के पूर्व अपने नियंत्री पदाधिकारी / विभाग को **विदेश (यू0एस0ए0)** प्रवास के दौरान सम्पर्क का पता एवं सम्पर्क नम्बर उपलब्ध करायेगे ।
(vii) एतद् संबधी अवकाश संचित उपार्जित अवकाश से सामांजित होगा ।
(viii) विदेश यात्रा से लौटने के बाद अपने पार–पत्र की छायाप्रति विभाग को उपलब्ध करायेगे ।

02 प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

विश्वासभाजन
**ह0/–**
**(विनोद कुमार पाठक)**

ज्ञापांक 623(3) / स्वा0, पटना, दिनांक : 14/7/26

**प्रतिलिपिः** महालेखाकार (ले0 एवं ह0), वीरचन्द पटेल पथ, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमंडल, पटना / असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना / निदेशक, लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना / संबंधित कोषागार पदाधिकारी** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव / सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 8, 9 एवं 18ए स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

14/7/26
**सरकार के उप सचिव**

E:\A K\2026\NOC Letter & Notification-Bording-02 01 2026 docx-19062026-13072026